जागरण : नर्मदापुरम् : इटारसी : बैतूल : हरदा
www.dainikjagranmpcg.com
सिवनी-मालवा • पिपरिया • सोहागपुर • मुलताई • सारनी • आमला • टिमरनी • खिरकिया
भोपाल 01 फरवरी 2026

## न्यूज कार्नर

### एडवेंचर कार्यक्रम में शामिल हुए समेरिटंस स्कूल के विद्यार्थी

**जागरण नर्मदापुरम।** पचमढ़ी में 2 से 6 फरवरी तक आयोजित होने वाले 27वे एडवेंचर प्रोग्राम में समेरिटन्स स्कूल माखननगर के विद्यार्थी शामिल होंगे। आयोजन के दौरान यहां रॉक क्लाइम्बिंग, रिफल एंड पिस्टल शूटिंग, आर्चरी, ऑब्स्टेकल्स क्रासिंग आदि खेल होंगे। इस कार्यक्रम में विद्यालय के तरुण यादव, अरहान खान, गौरव मेहरा, हर्ष यादव, शिप्रा मीना,भव्या यादव, आव्या खान, मेघा मोंडल, पल्लवी कोल, स्कूल के खेल शिक्षिका जया मालवीय के मार्गदर्शन में शामिल होने जा रहे है। शाला के डायरेक्टर डॉ. आशुतोष कुमार शर्मा एवं प्राचार्य जागृति सिंह ने बच्चों को बधाई प्रेषित की।

### हिंदू समागम कार्यक्रम व कलशयात्रा आज

**जागरण नर्मदापुरम।** सकल हिंदू समाज द्वारा सामाजिक एकता के लिए आज शिवाजी बस्ती नर्मदापुरम में विशाल हिंदू समागम कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है । कार्यक्रम के तहत प्रातः 9.30 बजे शक्ति मंदिर कोठी बाजार नर्मदा विहार कॉलोनी से विशाल कलश यात्रा निकलेगी जो कामाख्या गार्डन मैदान, विवेकानंद घाट, कोठी बाजार नर्मदापुरम तक रहेगी जहां पर सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं वैदिक पंच परिवर्तन व्याख्यान के उपरांत दोपहर में सहभोज का कार्यक्रम रहेगा जिसमें समस्त सकल हिंदू समाज को आमंत्रित किया है।

### शीलेंद्र तिवारी को सेवा निवृत्ति पर दी विदाई

**जागरण माखननगर।** उच्च शिक्षा विभाग की महाविद्यालयीन सेवा में प्रयोगशाला तकनीशियन के पद पर



कार्यरत शीलेंद्र तिवारी शनिवार को सेवानिवृत्त हुए। इस अवसरप र महाविद्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्टाफ द्वारा उनके साथ किए गए कार्यानुभवों को साझा करते हुए उन्हें बिदाई की गई। इस अवसर पर स्टाफ एवं परिजन उपस्थित रहे।

## अभा हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ : पहले दिन खेले गए दो मैच

# बैतूल ने बरेली और सोहागपुर ने इटारसी टीम को हराकर जीते मैच



**जागरण सोहागपुर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय ठाकुर प्रताप भानु सिंह चौहान की स्मृति में अखिल भारतीय हॉकी टूर्नामेंट का शुभारंभ शनिवार से जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय के खेल मैदान पर हुआ। नगर में हॉकी टूर्नामेंट का यह 61 वा वर्ष हैं, विगत 60 वर्षों से निरंतर हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं।

प्रतियोगिता के शुभारंभ में पहला मैच बरेली और बैतूल के बीच खेला गया। इस मैच में बैतूल ने शुरू से ही बरेली पर अपना दबाव बनाए रखा और पहले हाफ में ही लगातार 3 गोल दागकर बरेली की टीम को सोचने पर मजबूर कर दिया। जैसे ही दूसरे हाफ का मैच शुरू हुआ बरेली ने अपने बेहतर खेल का प्रदर्शन करते हुए लगातार दो गोल बैतूल पर दाग दिए। लेकिन बरेली अंतिम समय तक तीसरा गोल नहीं कर पाई मगर बैतूल ने लगातार गोल पर गोल करते हुए बरेली को 7- 2 से हरा दिया। पहले मैच में कमेटी की ओर से एम्पायर की भूमिका अख्तर खान एवं अश्वनी सरोज ने निभाई। टूर्नामेंट के पहले दिन का दूसरा मैच सोहागपुर और ऑर्डनेंस फैक्ट्री इटारसी के बीच खेला गया। इस मैच का मुकाबला मेजबान सोहागपुर की टीम ने 2-0 से जीत लिया। हॉकी प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेल का आनंद लेने मंच पर पूर्व वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन निगम अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक सविता दीवान शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष लता यशवंत पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी, महाविद्यालय संचालन समिति के अध्यक्ष कैलाश पालीवाल,कन्नूलाल अग्रवाल,सचिव हमीर सिंह चंदेल,पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष अभिलाष सिंह चंदेल,हरगोविंद पुरबिया, ऑलमाइटी ग्रुप से विजय नचान तथा पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संतोष मालवीय उपस्थित रहे।

### देश की नामी टीमें करेंगी शिरकत

टूर्नामेंट समिति के अभिलाष सिंह चंदेल एवं अभिनव पालीवाल ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सोहागपुर की धरती पर देश के कोने कोने से हॉकी की बड़ी टीमें पहुंच रहीं हैं। महाविद्यालय प्रांगण में होने वाली हॉकी प्रतियोगिता में इस वर्ष केरल, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, पंजाब, हरियाणा सहित मप्र के सागर, इंदौर, सिवनी छपारा, जबलपुर, भोपाल, बैतूल, हरदा, नर्मदापुरम, इटारसी और सोहागपुर की टीमें भाग ले रही हैं।

## राज्यसभा सांसद ने राजपूत समाज के युवाओं को वितरित की कबड्डी मैट



**जागरण नर्मदापुरम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो भारत, फिट भारत संकल्प को साकार करने की दिशा में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने गुरुवार को नर्मदापुरम स्थित सांसद संवाद केंद्र कार्यालय से राजपूत समाज के युवाओं को कबड्डी मैट का वितरण किया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती नारोलिया ने कहा कि युवाओं का सशक्तिकरण ही आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव है। उन्होंने कहा कि खेल युवाओं को अनुशासन, बेहतर स्वास्थ्य और सकारात्मक सोच प्रदान करते हैं। युवाओं को खेलों से जोड़ना समाज और राष्ट्र निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भविष्य में भी क्षेत्र के युवाओं को खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए हर संभव सहयोग दिया जाएगा। कार्यक्रम में पूर्व जिला अध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, मण्डल अध्यक्ष रुपेश राजपूत,राजपूत समाज इटारसी के शशांक बेस गोल्डी, मोती सिंह राजपूत, पूर्व मण्डल अध्यक्ष विकास नारोलिया, लक्ष्मण बेस, भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, धर्मेंद्र जाट, मनीष ठाकुर, धीरेन्द्र सिंह राजपूत, सुरेंद्र सिंह राजपूत, धर्मेंद्र सिंह सोलंकी, पिल्लू ठाकुर, शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, सचिन तोमर, जितेन्द्र सिंह राठौर, बृजेन्द्र सिंह सोलंकी, देवेन्द्र सिंह राजपूत, योगेंद्र सोलंकी, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।

## अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली खाई में गिरी पहिये में दबने से ड्राइवर की मौके पर मौत

**जागरण सिवनी मालवा ।** आदिवासी अंचल ग्राम भामन्दा-नापूपुरा मार्ग पर शनिवार को एक ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में ट्रैक्टर के नीचे दबने से ट्रैक्टर चालक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना भामन्दा-नापूपुरा मार्ग के एक तीखे मोड़ पर होना बताया जा रहा है जहां ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरी। हादसा में चालक ट्रैक्टर के पिछले पहिये की चपेट में आ गया और उसके नीचे दब गया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलते ही सिवनी मालवा पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची। प्रधान आरक्षक प्रीतम बाबरिया ने बताया कि आसपास के लोगों की मशक्कत के बाद युवक को ट्रैक्टर के नीचे से बाहर निकाला गया।



**पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौपेंगे शवः** मृतक की पहचान ग्राम घोघरा निवासी अनिल परते (24 वर्ष), पिता रामकरण परते के रूप में हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सिवनी मालवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया है। प्रक्रिया पूरी होने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जाएगा।

### खेल शिक्षकों व प्राचार्यों की संभागीय बैठक संपन्न

**जागरण नर्मदापुरम।** संयुक्त संचालक लोक शिक्षण नर्मदापुरम संभाग के मुख्य अतिथि डॉ. मनीष वर्मा की उपस्थिति में जिला नर्मदापुरम, हरदा एवं बैतूल के खेल शिक्षकों तथा नोडल खेल विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक दिनांक संयुक्त संचालक लोक शिक्षण कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सत्र 2026-27 के ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में निर्देश दिए गए कि मार्च, अप्रैल एवं मई माह में आयोजित किए जाने वाले खेल प्रशिक्षण हेतु उपलब्ध खेल मैदानों के आधार पर खेलों का चयन किया जाए। इसके साथ ही 10 फरवरी 2026 तक निर्धारित पंजीयन पत्रक में मिनी एवं जूनियर वर्ग कक्षा 5वीं से 10वीं के खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। मार्च माह से विद्यार्थियों को सतत रूप से अप्रैल एवं मई तक खेल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

## रेत कंपनी ने स्कूली बच्चों को बैग व अन्य सामग्री की वितरित





**जागरण नर्मदापुरम।** प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा के बढ़ते स्तर के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी दिशा में सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कम्पनी ने सामाजिक उत्तरदायित्व को निभाते हुए ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ गरीब एवं युवा छात्र छात्राओं को स्कूल सामग्री और बैग पैक वितरण किया। इसी कड़ी में कंपनी ने इटारसी तहसील के मरोड़ा में शासकीय हाई स्कूल, शासकीय प्राथमिक शाला में 245 स्कूल बैग वितरित किए जिसमें स्कूल के प्रधान प्राध्यापक एवं सरपंच कलाबाई मर्सकोले उपस्थित रहे। वहीं बालाभेट शासकीय प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक शालकराम कीर, सरपंच ममता बाई की उपस्थिति में 187 बैग वितरित किए। शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला, शासकीय माध्यमिक शाला बिलखेड़ी में कुल 278 बैग प्रधान पाठिका बर्नादेन इंगिल, मिथिलेश तुमराम सरपंच पाहनबर्री अनीता ब्रजमोहन यादव ओर कंपनी के प्रतिनिधि एवं माइनिंग कॉरपोरेशन से गोपाल सिंह उपस्थित रहे। शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला पवारखेड़ा खुर्द में प्रधान पाठक धीरज उइके एवं सरपंच प्रतिनिधि अशोक कीर की उपस्थिति में 290 बैग वितरित किए।

कार्यक्रम के दौरान सिल्वर मिस्ट रिटेल प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के मैनेजर रूपेश पेठे ने कहा कि शासकीय स्कूल का बच्चा भी उत्कृष्ट शिक्षा प्राप्त कर समाज में बेहतर स्थान प्राप्त कर सके इसलिए आगे भी कंपनी सामाजिक सेवा कार्य निरंतर जारी रखेगी।

## रासेयो इकाई ने सात दिवसीय शिविर में किया पौधरोपण



**जागरण सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा ग्राम बघबाड़ा में आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस विभिन्न सामाजिक एवं शैक्षिक गतिविधियों का सफल आयोजन किया गया। दिन की शुरुआत प्रभात फेरी एवं स्वच्छता अभियान से हुई, जिसमें स्वयंसेविकाओं ने ग्राम में स्वच्छता एवं जागरूकता का संदेश दिया। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शास. महाविद्यालय डोलरिया के प्राचार्य डॉ. आरके वर्मा, प्राध्यापक डॉ. मोहर सिंह हिंडोलिया, विधायक प्रतिनिधि कमल लोवंशी तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे द्वारा मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्राचार्य डॉ. उमेश कुमार धुर्वे ने स्वागत भाषण देते हुए शिविर में आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। कार्यक्रम को डॉ. आर. के. वर्मा, डॉ. हिंडोलिया, विधायक प्रतिनिधि कमल लोवंशी,हरगोविंद गौर ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम अधिकारी कु. आकांक्षा पाण्डेय ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अंत में शाला परिसर में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. रजनीकांत वर्मा, डॉ. विमला कदम, डॉ. सरिता नागवंशी सहित समस्त स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं।

## फ्यूचर टू विंग्स थीम एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ प्रेरणा कॉन्वेंट स्कूल का वार्षिक उत्सव

**जागरण नर्मदापुरम।** प्रेरणा कान्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक दिवस हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद माया नारोलिया तथा नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव रहीं।





समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्वलन से हुई। मंच संचालन अर्श सोनी, दुर्गा सोनी, शुभम ठाकुर, अनंत यादव, अर्पित तिवारी और दृष्टि रघुवंशी ने किया गया। इस वर्ष वार्षिक उत्सव का विषय फ्यूचर टू विंग्स (भविष्य को पंख देना) रहा। जिसका अर्थ है -अपने भविष्य की योजनाओं को हकीकत में बदलने के लिए प्रेरित करना। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना तथा स्वागत नृत्य से हुई। जिसे सुनकर सभी मंत्रमुग्ध हो गए। बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों जैसे लोक नृत्य, नाटक और रंगारंग नृत्यों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विशेष रूप से कक्षा ग्यारहवीं की छात्राओं द्वारा महिला सशक्तिकरण पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने अपनी जीवंत प्रस्तुतियों के माध्यम से देश के गौरवशाली परंपराओं और विकास की यात्रा को बड़े ही शानदार ढंग से पेश किया। नृत्य और संगीत की इन कलाकारों ने सभी का मन मोह लिया।

विद्यालय की संचालिका समर्पिता सोनी ने अपने वक्तव्य में बताया कि हम केवल किताबी शिक्षा तक सीमित नहीं रहते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और कौशल विकास पर विशेष ध्यान देते हैं। हमारा उद्देश्य ऐसे सक्षम और कुशल युवा तैयार करना है जो देश के विकास में अपनी भागीदारी दे सकें। वार्षिक उत्सव के माध्यम से छात्रों को अपनी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ने के साथ-साथ उनकी छुपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर मिलता है। राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने कहा कि प्रेरणा कान्वेंट स्कूल का खुला वातावरण स्वच्छ व सुरक्षित है ऐसे परिवेश में बच्चों के लिए तनाव मुक्त होकर परीक्षा की तैयारी करना सहज होता है। उन्होंने बच्चों को परीक्षा के तनाव से मुक्त होने के उपाय बताएं, श्रीमती नारोलिया ने प्रेरणा शब्द का अर्थ बताते हुए कहा कि जो किसी व्यक्ति को कार्य करने ,आगे बढ़ने या लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है अर्थात जो कठिनाइयों का सामना करते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ते रहने का हौसला देता है। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने कहा कि बच्चों पर माता-पिता तथा वातावरण का विशेष प्रभाव पड़ता है बच्चों को अच्छा वातावरण मिलता है तो उनका शारीरिक, मानसिक भावनात्मक और सामाजिक विकास सर्वांगीण रूप से होता है इससे बच्चे आत्मविश्वास से भरे जिज्ञासु, रचनात्मक और भावनात्मक रूप से स्थिर बनते हैं ,साथ ही उनके शैक्षणिक प्रदर्शन बेहतर होता है और उनमें तनाव कम होता है। अंत में सभी पालकगण, शिक्षक एवं अतिथियों ने बच्चों की मेहनत की खूब सराहना की तथा शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## पांच करोड़ हस्तलिखित राम नाम पुस्तिका लेकर श्रद्धालु अयोध्या रवाना



**जागरण सिवनी मालवा।** नगर के संकट मोचन हनुमान मंदिर से शनिवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु लगभग 5 करोड़ हस्तलिखित राम नाम लेकर अयोध्या के लिए रवाना हुए। सभी श्रद्धालुओं का दीपक दीक्षित, गंभीर रघुवंशी, सागर पाल, नर्मदा गौर, आशीष मालवीय सहित अन्य लोगों ने स्वागत किया।

इस अवसर पर दीपक दीक्षित ने सभी श्रद्धालुओं का फूल माला से स्वागत किया और सभी श्रद्धालुजन मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। उन्होंने कहा कि यह सिवनी मालवा शहर के लिए गर्व का क्षण है। वर्षों से संकीर्तन करते आ रहे श्रीराम नाम प्रचार समिति के सदस्य आज अपने साथ करोड़ों राम नाम लेकर अयोध्या जा रहे हैं। रामफेरी मंडल के अध्यक्ष ब्रजकिशोर लोवंशी ने बताया कि यह यात्रा देश की प्रगति, सिवनी मालवा सहित पूरे भारतवर्ष में अकाल व महामारी न आए, इस मंगलकामना के साथ की जा रही है। यह सभी राम नाम नगर में प्रातःकाल निकलने वाली राम फेरी के सदस्यों एवं भक्तों द्वारा लिखे गए हैं जो अयोध्या पहुंचकर श्री राम नाम बैंक में जमा की जाएंगी। विशेष बात यह है कि सिवनी मालवा का भी अयोध्या स्थित श्री राम नाम बैंक में खाता खोला गया है, जिसमें यह समर्पण दर्ज होगा।

## स्प्रिंगडेल्स स्कूल में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को शुभकामना और आशीर्वाद के साथ दी विदाई

# विदाई समारोह में विद्यार्थियों ने मंच से साझा किए अपने अनुभव

**जागरण नर्मदापुरम।** स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेण्डरी स्कूल में शनिवार को कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों के दीक्षांत समारोह का आयोजन सांस्कृतिक गरिमा, उल्लास और भावनात्मक वातावरण के बीच किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी, सुभाशीष चटर्जी एवं जूही चटर्जी की उपस्थिति रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य मोना चटर्जी ने की। इस अवसर पर जनरल मैनेजर सोनल सोखी, उप प्राचार्य लक्ष्मी पलोहिया सहित समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने नृत्य, संगीत, भावनात्मक एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से कार्यक्रम को विशेष बनाया। वहीं कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने भी अपने शैक्षणिक अनुभवों को मंच से साझा किया।





कार्यक्रम के एक भावनात्मक क्षण में कक्षा 11वीं के विद्यार्थियों ने कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर स्नेहपूर्वक विदाई दी। इसके प्रत्युत्तर में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने विद्यालय के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए संस्था को एलईडी टीवी उपहार स्वरूप भेंट की ।अपने संबोधन में डायरेक्टर डॉ. आशीष चटर्जी ने कहा कि कक्षा 12वीं विद्यार्थियों के जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने लक्ष्य निर्धारित कर योजनाबद्ध अध्ययन, निरंतर अभ्यास एवं समय के सदुपयोग पर बल देते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्राचार्य मोना चटर्जी ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह वर्ष उनके भविष्य की दिशा तय करने वाला है। उन्होंने लक्ष्य पर केंद्रित रहकर अध्ययन करने, समय प्रबंधन अपनाने एवं नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के समापन पर सहभोज का आयोजन किया गया। यह समारोह विद्यार्थियों के विद्यालयीन जीवन की उपलब्धियों, स्मृतियों और भावनाओं को सम्मान देने का एक सार्थक एवं अविस्मरणीय अवसर सिद्ध हुआ। कार्यक्रम का संचालन एवं संयोजन रचना तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। समारोह का प्रभावशाली मंच संचालन विद्यार्थी याशिका मांझी एवं आर्या त्रिपाठी द्वारा किया गया।

## निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 124 मरीजों की जांच कर दिया परामर्श, 4 लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**जागरण नर्मदापुरम।** फ्रेंड्स रूरल सेंटर रसूलिया में शनिवार को मधुबन अस्पताल बुधनी, भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी एवं जिला अस्पताल नर्मदापुरम के सहयोग से निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा विभिन्न रोगों की जांच एवं उपचार किया गया।



शिविर में डॉ. सीए हैरिसन, डॉ. आईशा, डॉ. पुनीत पाठक एवं डॉ. वीरेंद्र राजपूत ने कुल 124 मरीजों की जांच की। इस दौरान दंत एवं मुख रोग, स्त्री रोग, शिशु रोग, अस्थि रोग, एनीमिया सहित अन्य बीमारियों का परीक्षण एवं आवश्यक परामर्श दिया गया। पैरा मेडिकल स्टाफ द्वारा शिविर में आए लोगों की हीमोग्लोबिन, शुगर, ब्लड प्रेशर, वजन सहित अन्य आवश्यक जांचें भी की गईं। इसके अतिरिक्त, जिला अस्पताल के संपूर्ण सुरक्षा केंद्र स्टाफ द्वारा 50 लोगों की एचआईवी/एड्स जांच भी की गई। शिविर के दौरान भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के तत्वावधान में रूबी शर्मा, दिनेश हांडा, अमित गुप्ता एवं एक अन्य स्वैच्छिक रक्तदाता ने रक्तदान कर सामाजिक जिम्मेदारी का परिचय दिया। शिविर की संपूर्ण व्यवस्थाएं फ्रेंड्स रूरल सेंटर के प्रबंधक एवं कार्यालय प्रभारी शेरसिंह बड़कुर के निर्देशन में सुचारू रूप से संचालित की गईं।

## न्यूज कार्नर

### इंफोसिस में चयन होने पर छात्रा को दी बधाई



**जागरण, टिमरनी।** एकेडमिक हाईट्स पब्लिक स्कूल की पूर्व छात्रा स्वेता तिवारी का प्रतिष्ठित आईटी कंपनी इंफोसिस में सिस्टम इंजीनियर पद पर चयन होने से विद्यालय परिवार में हर्ष एवं गर्व का वातावरण है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर विद्यालय संचालक सचिन बलवटे ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह चयन विद्यालय के गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा छात्रा की निरंतर मेहनत और अनुशासन का प्रतिफल है। ऐसी उपलब्धियाँ विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनती हैं। विद्यालय की प्राचार्य आशीष त्रिपाठी ने छात्रा को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर कार्य करता है। यह सफलता इस बात का प्रमाण है कि सही दिशा, परिश्रम और आत्मविश्वास से कोई भी लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। विद्यालय के समन्वयक प्रतीक मुहाले ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रा की यह सफलता आने वाली पीढ़ी के विद्यार्थियों को बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी। उल्लेखनीय है कि चयनित छात्रा वर्तमान में भोपाल स्थित सागर इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी कॉलेज में अध्ययनरत है और फाइनल ईयर की छात्रा है। विद्यालय परिवार ने उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ प्रेषित की।

### तीसरे स्थान पर रही संभाग की टीम



**जागरण, टिमरनी।** खेलो एमपी यूथ गेम में नर्मदापुरम संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही। कबड्डी कोच अंकित जोशी ने बताया कि मध्य प्रदेश सरकार के द्वारा आयोजित खेलो एमपी यूथ गेम का शुभारंभ 27 जनवरी को भोपाल के तात्या टोपे स्टेडियम पर किया गया था, जिसमें लगभग मध्य प्रदेश के 6000 खिलाड़ियों ने अनेक खेलों में भाग लिया। सरकार के द्वारा सभी खिलाड़ियों को किट और ट्रैकसूट प्रदान किया गया। वहीं अलग-अलग स्थान पर अलग-अलग खेल संपन्न कराए गए। कबड्डी प्रतियोगिता कोलार स्थित स्टेडियम में कराई गई जिसमें मध्य प्रदेश की 20 टीमों ने बालिका वर्ग में हिस्सा लिया, जिसमें से नर्मदापुरम जोन की टीम ने प्रतियोगिता में तीसरा स्थान 150000 रुपए का हासिल किया। सभी खिलाड़ियों को लगभग 11 हजार रुपए मिलेंगे, जो सीधे खिलाड़ियों के खाते में दिए जाएंगे। इस उपलब्धि पर कबड्डी फेडरेशन के अध्यक्ष पिंटू भैया जोशी, संजय शाह, देवेन्द्र भारद्वाज, सचिन दुबे, किशोर डूडी, सचिव जैसी शर्मा, संरक्षक मोहन चौहान, मंगल सिंग यादव, जगदीश शर्मा, रामजीवन गोदारा, अरुण वर्मा, गिरजा शंकर राजपूत, सुनील दुबे, कैलाश डूडी, राजा भुस्कुटे, राजेश खेरवा, मुरली पाटिल, डॉ राजेंद्र शर्मा, विनोद अग्रवाल, दीपक भाटी, गौरव शुक्ला, सुरेश बघेल, राजकुमार चंदेल, विजय सावनेर, खेल अधिकारी उमा पटेल, हिना खान ने बधाई दी।

**यातायात जागरुकता अभियान : खराब गुणवत्ता वाले हेलमेट तोड़ दिखाई कमजोरी**

# यदि सिर सलामत तो जान सलामत वाहन चालकों को दिए नए हेलमेट



**जागरण, हरदा।** जिले में सड़क सुरक्षा को लेकर पुलिस ने एक सराहनीय और अनोखी पहल की है। शनिवार को सिविल लाइन थाना पुलिस ने स्थानीय समाजसेवियों के सहयोग से यातायात जागरूकता अभियान चलाया, जिसमें बिना हेलमेट पहने दोपहिया वाहन चालकों को न केवल नए हेलमेट वितरित किए गए, बल्कि खराब गुणवत्ता वाले हेलमेटों को तोड़कर उनकी कमजोरी का जीवंत प्रदर्शन भी किया गया। अभियान के दौरान पुलिस ने सड़क पर बिना हेलमेट या घटिया हेलमेट पहने चालकों को रोका। ऐसे चालकों के पुराने हेलमेट को पुलिसकर्मियों ने उनके सामने ही तोड़ दिया और समझाया कि ये हेलमेट दुर्घटना में सिर की रक्षा नहीं कर सकते। इसके बाद उन्हें उच्च गुणवत्ता वाले, मानक अनुरूप नए हेलमेट निःशुल्क उपलब्ध कराए गए। पुलिस ने बाइक सवारों को भी प्रेरित किया कि वे दूसरों को अच्छे हेलमेट उपलब्ध कराने में मदद करें। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा, एसडीओपी शालिनी परस्ते और थाना प्रभारी टीआई आरएस तिवारी ने खुद दोपहिया वाहन चालकों से बातचीत की और हेलमेट वितरित किए। एएसपी मिश्रा ने संबोधित करते हुए कहा हेलमेट सिर्फ चालान से बचने का साधन नहीं है, बल्कि यह आपकी सुरक्षा और जीवन की रक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। नियमित उपयोग से गंभीर चोटों और मौतों को रोका जा सकता है। एएसपी मिश्रा ने आगे बताया कि स्थानीय लोगों और समाजसेवियों की मदद से कमजोर वर्ग के लोगों को सड़क दुर्घटनाओं से बचाने के लिए ये हेलमेट निःशुल्क वितरित किए गए हैं। अभियान में पम्पलेट भी बांटे गए, जिनमें यातायात नियमों की पूरी जानकारी दी गई। बिना हेलमेट चल रहे चालकों को 15 मिनट की विशेष क्लास दी गई, जिसमें हेलमेट पहनने के फायदे और न पहनने के गंभीर नुकसान बताए गए। पुलिस ने उन चालकों पर भी विशेष ध्यान दिया जो टूटे या निम्न गुणवत्ता वाले हेलमेट पहने हुए थे। उन्हें सुरक्षित हेलमेट के मानकों की जानकारी दी गई और पुराने हेलमेट तोड़कर दिखाया गया कि वे कितनी आसानी से क्षतिग्रस्त हो जाते हैं। यह अभियान हरदा जिले में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस की जागरूकता मुहिम का हिस्सा है। पुलिस का मानना है कि ऐसी व्यावहारिक और प्रभावी पहलों से लोग नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित होंगे।

### स्टॉपर लगाकर कैमरे के जरिए वाहनों की चेकिंग



**जागरण, हरदा।** पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरदा के निर्देशन में एवं एसडीओपी अनुभाग हरदा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाना स्टाफ के साथ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। उड़ा ब्रिज टिमरनी रोड के पास स्टॉपर लगाकर कैमरे के माध्यम से वाहन चेकिंग की गई। अभियान के दौरान हेलमेट पहनकर वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को गुलाब का फूल देकर सम्मानित किया गया। वहीं बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले वाहन चालकों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। राहवीर योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने हेतु समझाइश दी गई। पुलिस प्रशासन द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे स्वयं की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का पालन करें तथा सड़क दुर्घटनाओं को रोकने में सहयोग करें।

# ट्रक आग के गोले में तब्दील चालक ने कूदकर बचाई जान

### टेमागांव चौकी के पास सर्विस रोड पर हुआ हादसा

**जागरण, हरदा।** शुक्रवार रात एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। रहटगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत इंदौर-बैतूल नेशनल हाईवे पर रेत से लदा एक ओवरलोड ट्रक धू-धू कर जल उठा। गनीमत रही कि आग की लपटें विकराल होने से पहले ही चालक ने ट्रक से कूदकर अपनी जान बचा ली। यह हादसा रात करीब 9 बजे टेमागांव चौकी के पास सर्विस रोड पर हुआ। जानकारी के अनुसार महमूद निवासी खंडवा नर्मदापुरम से रेत भरकर खंडवा की ओर जा रहा था। जब ट्रक सोडलपुर के पास पहुँचा, तो अचानक उसके टायरों से धुआँ निकलने लगा और देखते ही देखते पूरा वाहन आग की चपेट में आ गया। प्रत्यक्षदर्शियों और प्रारंभिक जांच के अनुसार हादसे की मुख्य वजह ओवरलोडिंग मानी जा रही है। ट्रक की क्षमता से अधिक रेत भरी होने के कारण टायरों पर भारी दबाव पड़ा। रगड़ और गर्मी के चलते टायरों ने आग पकड़ ली, जिसने तेजी से पूरे केबिन को अपनी चपेट में ले लिया। सूचना मिलते ही टिमरनी से फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुँची। दमकलकर्मियों ने लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पाया। हालांकि तब तक ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। राहत की बात यह रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। घटना के बाद नेशनल हाईवे पर कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा। रहटगांव पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि नेशनल हाईवे पर दौड़ने वाले ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए, ताकि भविष्य में ऐसे गंभीर हादसों को रोका जा सके।

## शासकीय हाई स्कूल पोखरनी में छात्रों को कैरियर के विकल्पों की दी जानकारी




**जागरण, खिरकिया।** मप्र शासन के निर्देश अनुसार प्रत्येक विद्यालय में करियर मेले का आयोजन किया जा रहा है। आज कार्यक्रम के द्वितीय दिवस अजय कुशवाहा पशु चिकित्सा अधिकारी, शिवनारायण गुर्जर कृषि विस्तार अधिकारी एवं श्रीमती सविता राहांगडाले व्यावसायिक शिक्षिका उपस्थित रहीं। अतिथियों ने पशु चिकित्सा, कृषि, व्यवसाय एवं ब्यूटी क्षेत्र में करियर विकल्पों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन संतोष कुमार गौर ने किया। इस अवसर पर चंदन सिंह सोनेर ने आभार प्रदर्शन किया। इस दौरान सुभाष उमरिया, सूरज राय, डॉली मालवीय आदि उपस्थित रहे।

# सिविल लाइन पुलिस ने की दो लाख रुपए मूल्य से अधिक की एमडी ड्रग्स जब्त

### घटना में प्रयुक्त कार एवं एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन भी जब्त किया

**जागरण, हरदा।** पुलिस अधीक्षक शंशाक द्वारा नशे के विरूध्द प्रभावी कार्यवाही करने के दिशा निर्देश प्रदान किये गये हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा एवं एसडीओपी हरदा शालिनी परस्ते के निर्देशन में थाना प्रभारी सिविल लाईन आरएस तिवारी द्वारा अवैध मादक पदार्थ विक्रय संग्रहण व परिवहन करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्यवाही हेतु एक टीम का गठन किया गया। टीम को अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स पकडने में महत्वपूर्ण सफलता मिली है। थाना सिविल लाईन हरदा में रात्रि में मुखबिर सूचना अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स विक्रय की प्राप्त होने पर थाना प्रभारी निरीक्षक आरएस तिवारी के नेतृत्व में टीम के सउनि सजंय ठाकुर, प्रआर करण साहू, आर वीरेन्द्र राजपूत, सैनिक सूरज पासी, संतोष ओझा द्वारा सूचना तस्दीक की गई। भैंरो बाबा मंदिर एलबीएस कालेज रोड पर एक फोर्ड फीगो कार क्रमांक एमपी 47 सीए 0628 संदिग्ध अवस्था में मिली, जिसे चेक करते समय संदेही व्यक्ति मिला, जिसका नाम हेमंत पिता दीपक सेन उम्र 25 साल निवासी झालवा का होना बताया गया। तलाशी में पारदर्शी पन्नी में एमडी ड्रग्स कुल मात्रा 10.89 ग्राम कीमती करीबन 220000 रूपये मिले। एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुये आरोपी हेमंत के कब्जे से उक्त अवैध मादक पदार्थ को जप्त किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त कार कीमती 300000 रूपये व एक एप्पल कम्पनी का मोबाईल फोन विधिवत जप्त किया गया। कुल मूल्य 530000 आरोपी का माल हेमंत से जप्त किया गया। पूछताछ में एमडी ड्रग्स ग्राम अजनास के विष्णु नाम के व्यक्ति से खरीदना बताया। आरोपी हेमंत व विष्णु के विरूध्द थाना सिविल लाईन हरदा पर अपराध क्रमांक 34/2026 धारा 08/22 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया जाकर आरोपी को न्यायालय प्रस्तुत किया गया, जहां से जिला जेल हरदा भेजा गया। इस कार्रवाई में सराहनीय योगदान थाना प्रभारी निरीक्षक रामसुमेर तिवारी, सउनि संजय ठाकुर, प्रआर करण साहू, आर वीरेन्द्र राजपूत, सैनिक सूरज पासी, संतोष ओझा का रहा।

# आज का बच्चा माता-पिता को देखकर चुप नहीं होता, बल्कि रील्स देखकर चुप होता है: गोस्वामी



**जागरण, टिमरनी।** अपनी संतान को सीखने की आयु में पढाना और पढाने की उम्र में सिखाना हमें बंद करना होगा। यह बात शिशु महोत्सव में अभिभावकों को सम्बोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य वक्ता एवं विद्याभारती की प्रांतीय बालिका शिक्षा संयोजिका नीता गोस्वामी ने कही। उन्होंने कहा की शिशु अधिक समय घर पर बिताता है, इसलिए हमारे घर का वातावरण कैसा है यह समझना आवश्यक है। आज देखने में आता है की आज का बच्चा माता-पिता को देखकर चुप नहीं होता, बल्कि रील्स देखकर चुप होता है। उन्होंने अपने उद्बोधन में आगे कहा कि विदेशों में व्यक्ति केंद्र में होता है, परन्तु भारत में परिवार केंद्र में होता है और परिवार के केंद्र में नारी होती है, परन्तु शक्तिपुंज हमारी मातृशक्ति आज परिवार के मामले में कैसे कमजोर हो गई, यह सोचने का विषय है। उन्होंने सभी को सलाह देते हुए कहा कि शिशु के जन्मदिवस पर धर्म ग्रन्थ देवें ताकि इन्हे धर्म ग्रन्थ पढने की आदत बने। कार्यक्रम का शुभारंभ वीणापाणी माँ सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं वंदना से हुआ। शिशु महोत्सव में अध्यक्षता आनंद मुजुमदार ने की एवं विशेष अतिथि के रूप में समाज सेविका एवं उन्नत कृषक अश्विनी सुधीर गद्रे उपस्थित रहीं। महोत्सव में शिशु वाटिका एवं प्राथमिक कक्षाओं के भैया-बहिनों ने कविता पाठ, नृत्य, गीत, समूह गान, अभिनय एवं योग प्रदर्शन के माध्यम से अपनी प्रतिभा का मनमोहक प्रदर्शन किया। रंग-बिरंगे परिधानों में सजे शिशुओं की प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों का मन मोह लिया। वक्ताओं ने कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, संस्कार, अनुशासन एवं रचनात्मकता का विकास होता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागी शिशुओं को प्रोत्साहन प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में प्रबंधन समिति के डॉ राहुल अग्रवाल, समाजसेवी डॉ वीरेन्द्र गुहा, ओमप्रकाश गोयल, शिवशंकर दुबे, प्रधानाचार्य सरिता गहलोत सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# कॉलेज क्षेत्र से हटाया गया अतिक्रमण कलेक्टर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

### राहगीरों, कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को हो रही थी असुविधा




**जागरण, हरदा।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने और मुख्य मार्गों को बाधा मुक्त करने के लिए जिला प्रशासन और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने शनिवार को कार्रवाई की। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशों के बाद पॉलीटेक्निक कॉलेज और उसके आसपास के मुख्य मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम अशोक डेहरिया ने बताया कि सड़कों पर बढते अतिक्रमण के कारण यातायात बुरी तरह प्रभावित हो रहा था। कार्रवाई से पूर्व संबंधित दुकानदारों और अतिक्रमणकारियों को स्वयं सामान हटाने के लिए नोटिस जारी किए गए थे। समयावधि समाप्त होने के बाद राजस्व विभाग और नगर पालिका का अमला मौके पर पहुँचा और अस्थायी संरचनाओं, ठेलों और अवैध निर्माण को हटा दिया। पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास मुख्य मार्गों और चौराहों पर अतिक्रमण के कारण आए दिन जाम की स्थिति बन रही थी। इससे न केवल आम राहगीरों, बल्कि कॉलेज आने-जाने वाले विद्यार्थियों को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा था। इसी को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने एसडीएम और नपा अमले को स्पष्ट निर्देश दिए थे।

#### पुलिस बल की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

कार्रवाई के दौरान मौके पर पुलिस बल तैनात रहा, ताकि किसी भी प्रकार के विरोध या अव्यवस्था की स्थिति न बने। प्रशासन की टीम ने सड़क किनारे रखे अवैध होर्डिंग्स, टीन शेड और अन्य अस्थायी बाधाओं को जब्त किया। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अतिक्रमण हटाने के बाद उन स्थानों की नियमित निगरानी की जाए। यदि दोबारा अतिक्रमण पाया जाता है, तो संबंधितों पर जुर्माना और दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

#### इनका कहना है

शहर की सुंदरता और सुव्यवस्थित यातायात हमारी प्राथमिकता है। मुख्य मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**अशोक डेहरिया,** एसडीएम हरदा।

## सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने का लिया संकल्प



**जागरण, खिरकिया।** पिछले दिनो महिला महासम्मेलन का आयोजन किया गया था, जिसमें 90 गांवों की लगभाग 3 हजार से अधिक महिलाएं समिलित हुई। सामाजिक कार्यक्रम मे दिखावे वाली गतिविधियों के कारण आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर दवाब बन रहा था, जिससे लोग कर्जा ले कर पारिवारिक कार्यक्रमों का आयोजन करने को मजबूर हो रहे हैं। इन मुद्दों पर चर्चा कर आपसी सहमति से इस फिजूल खर्चे वाली गतिविधियों को रोकने पर सहमति बनी। सभी ने संकल्प लिया कि सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यक्रम में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगे तथा पूजा पाठ के बाद बची हुई सामग्री को पवित्र नदियों या छोटे जल स्रोतों मे विसर्जन कर जल स्रोतों को दूषित नहीं करेंगे। इन सब मुद्दों पर जागरूकता लाने के लिए महासभा की अनुमति से महिला मंडल गांव-गांव जा कर महिलाओं के साथ चौपाल करेगी। इस अवसर पर महिला मंडल अध्यक्ष अर्चना पटेल, रंजना रायखेरे, सुनीता पाटिल, भारती इंगले, रमा गुर्जर, शैल कुमारी पाटिल आदि मौजूद रहीं।

**अनुकरणीय पहल** | स्वयं और अपनी बालिका के जन्मदिवस पर आयोजित किया स्वास्थ्य शिविर

# पांच सौ से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराने के साथ प्राप्त किया विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श



**जागरण, टिमरनी।** समाज और जनहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक बार फिर मजबूत करते हुए पुनीत जायसवाल ने अपने जन्मदिन एवं अपनी बालिका के जन्मदिवस के अवसर पर एक अनुकरणीय पहल की। पुनीत जायसवाल मित्रमंडल एवं अपना नर्मदा अस्पताल नर्मदापुरम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, परामर्श एवं रक्तदान शिविर न केवल ऐतिहासिक रूप से सफल रहा, बल्कि नगर और आसपास के क्षेत्र में जनसेवा की एक सशक्त मिसाल भी बना। इस शिविर में भोपाल संभाग एवं नर्मदापुरम के प्रतिष्ठित चिकित्सकों ने अपनी सेवाएँ प्रदान कीं, जिनमें सुप्रसिद्ध स्पाइन सर्जन डॉ राजेश शर्मा, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ रवि चडार, जनरल व लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ अंशुल रघुवंशी तथा स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ अनन्या रघुवंशी प्रमुख रहे। शिविर के दौरान लगभग पाँच सौ से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य परीक्षण कराया और विशेषज्ञ डॉक्टरों से परामर्श प्राप्त किया। जरूरतमंद मरीजों को जायसवाल परिवार की ओर से निशुल्क दवाओं का वितरण भी किया गया, जिससे आमजन को बड़ी राहत मिली। स्वास्थ्य शिविर के साथ आयोजित रक्तदान शिविर में नगरवासियों, युवाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और करीब 50 यूनिट रक्तदान कर यह संदेश दिया कि समाज का स्वस्थ रहना ही सच्चा विकास है। आयोजन स्थल पर जनसहभागिता और अनुशासन यह दर्शाता रहा कि जब नेतृत्व सेवा भाव से आगे बढ़ता है, तो समाज स्वतः उसके साथ खड़ा होता है। शिविर के समापन अवसर पर डॉ राजेश शर्मा ने उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान जीवनशैली, असंतुलित खान-पान और शारीरिक निष्क्रियता के कारण युवाओं में कम उम्र में ही शुगर, बीपी और एसिडिटी जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने युवाओं से समय रहते जीवनशैली सुधारने और स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। नगर के प्रबुद्ध नागरिकों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि जन्मदिन जैसे व्यक्तिगत अवसर को जनसेवा और सामाजिक सरोकार से जोड़ना पुनीत जायसवाल की जनहितैषी सोच और संवेदनशील नेतृत्व को दर्शाता है। यह शिविर न केवल स्वास्थ्य सेवा का माध्यम बना, बल्कि यह स्पष्ट संदेश भी दे गया कि राजनीति और समाज सेवा का सबसे मजबूत आधार जनता के दुःख-दर्द में सहभागी बनना है।

# मूल्य आधारित जागृत समाज ही सभी समस्याओं का समाधान : विसपुते

### भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति व्याख्यानमाला का गौरवशाली 34वां आयोजन




**जागरण, टिमरनी।** भारत की सनातन संस्कृति में विश्व कल्याण की भावना सदैव सर्वोपरि रही है। बड़े हित के लिए छोटे हित का त्याग करना हमारी परंपरा रही है। भारत को उसकी आत्मा से जोड़कर रखने का कार्य साधु-संतों, ऋषि-मुनियों और सज्जन शक्तियों ने हर काल में किया है। आज भी समाज की सभी समस्याओं का समाधान मूल्य आधारित जागृत एवं संगठित समाज में ही निहित है। यह विचार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह बौद्धिक शिक्षण प्रमुख दीपक विसपुते ने व्यक्त किए। वे शुक्रवार रात्रि सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित श्रद्धेय भाऊसाहब भुस्कुटे स्मृति व्याख्यानमाला के 34वें आयोजन में वर्तमान परिप्रेक्ष्य में जागृत समाज की भूमिका विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित कर रहे थे। श्री विसपुते ने कहा कि भारत ने सदियों से आंतरिक और बाहरी चुनौतियों का सामना किया है, जिनका मुकाबला जागृत और संगठित समाज ने ही किया। रामायण काल से लेकर शिवाजी महाराज और महाराणा प्रताप तक, इतिहास इस बात का साक्षी है कि संगठित समाज ने ही आसुरी शक्तियों पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहा कि भारत कभी आध्यात्मिक, आर्थिक और सामरिक रूप से समृद्ध राष्ट्र रहा है। इन्हीं मूल्यों को पुनः जागृत करने के उद्देश्य से डॉ केशव बलिराम हेडगेवार ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की। संघ की दैनिक शाखा केवल खेल गतिविधि नहीं, बल्कि संस्कार, अनुशासन और आध्यात्मिक साधना का केंद्र है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय योगदान देने वाले राहुल खोरे, तनय सितोरे एवं पवन श्यामसुंदर गुर्जर को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जगदीश बाजुलिया ने की। मुख्य वक्ता एवं अध्यक्ष का स्वागत श्रीराम भुस्कुटे द्वारा पुष्पहार पहनाकर किया गया। स्तुति गीत एवं वंदेमातरम् की भावपूर्ण प्रस्तुति बहिन स्निग्धा भुस्कुटे, पूजा पारे एवं साथियों ने दी। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन विक्रम भुस्कुटे ने किया। यह आयोजन समाज में सकारात्मक चेतना, सांस्कृतिक मूल्यों और राष्ट्रभाव को सशक्त करने वाला प्रेरणादायी कार्यक्रम सिद्ध हुआ।

## न्यूज कार्नर

### सवर्ण समाज ने बैठक लेकर नगर बंद का आव्हान किया स्थगित

**मुलताई जागरण।** केन्द्र सरकार द्वारा हाल ही में लागू किए गए युजीसी के नए नियमों का विरोध कर रहे सवर्ण समाज ने शुक्रवार रात्रि ताप्ती तट स्थित गजानंद मंदिर में विरोध कार्यक्रम की आगामी रूपरेखा तैयार करने के लिए बैठक का आयोजन किया गया । गौरतलब है कि बीते 29 जनवरी को नगर में सवर्ण समाज द्वारा युजीसी नियमों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए रैली निकाल कर ज्ञापन सौंपा गया था। जिसमें सवर्ण समाज द्वारा आगामी 1फरवरी को बंद का आव्हान किया गया था। जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट द्वारा उक्त कानून के विरूद्व दायर याचिका पर विचार करते हुए स्थगन आदेश जारी कर दिया गया था। उक्त कानून के विरोध प्रदर्शन की आगामी रूपरेखा को तैयार करने के लिए सवर्ण समाज द्वारा शुक्रवार रात्रि गजानंद मंदिर में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे सर्वसम्मिति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी नगर बंद के आव्हान को आगामी निर्णय तक स्थगित किया जाता है। वही सभी सवर्णो द्वारा यह निर्णय लिया गया कि समाज के ग्रुप में अधिक से अधिक सामाजिक बंधुओं को जोड़ा जाए।

# ट्रायसाइकिल की बैटरी में ब्लास्ट से निःशक्त शिक्षक जिंदा जला

## इंजीनियरिंग की पढ़ाई के दौरान खराब हुए थे पैर






**बैतूल जागरण।** सारनी शहर में शुक्रवार रात एक बेहद हृदयविदारक हादसा सामने आया, जिसने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया। जय स्तंभ चौक के पास एक ई-ट्राइसाइकिल की बैटरी में अचानक ब्लास्ट हो गया, जिससे उसमें आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में दिव्यांग शिक्षक सुनील कुमार लोखंडे (गुड्डू) की जिंदा जलकर मौके पर ही मौत हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुनील अपनी ई-ट्राइसाइकिल से कहीं जा रहे थे, तभी अचानक बैटरी से चिंगारी निकली और देखते ही देखते ट्राइसाइकिल आग की लपटों में घिर गई। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, उससे पहले ही आग ने विकराल रूप ले लिया। घटनास्थल के पास दुकान चलाने वाले बिल्लू जगदेव ने हिम्मत दिखाते हुए पानी डालकर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग इतनी तेज थी कि सुनील को बाहर निकालना संभव नहीं हो सका। कुछ ही मिनटों में पूरी ट्राइसाइकिल जलकर खाक हो गई और सुनील की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गए और पुलिस को जानकारी दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पोस्टमॉर्टम के लिए घोड़ाडोंगरी अस्पताल भेजा। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। मृतक के भाई राजेश लोखंडे ने बताया कि सुनील ने इंजीनियरिंग (बीई) की पढ़ाई की थी। पढ़ाई पूरी करने के दौरान ही उन्हें गंभीर शारीरिक समस्या होने लगी थी। जोड़ों का लिक्विड सूखने के कारण उठने-बैठने और चलने-फिरने में परेशानी बढ़ती गई, जिससे करीब 15 वर्ष पहले वह पूरी तरह दिव्यांग हो गए।

इसके बावजूद सुनील ने हार नहीं मानी और बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर सम्मानजनक जीवन यापन करते रहे। वह दो भाइयों में छोटे थे और उनकी शादी नहीं हुई थी। जिस ई-ट्राइसाइकिल से यह हादसा हुआ, वह करीब ढाई साल पहले नगरपालिका द्वारा स्वनिधि योजना के तहत दी गई थी। परिजनों के अनुसार, ट्राइसाइकिल में पहले कभी कोई तकनीकी खराबी सामने नहीं आई थी, जिससे यह हादसा और भी रहस्यमय बन गया है। स्थानीय लोगों और परिजनों ने बैटरी ब्लास्ट के कारणों की गहन और उच्च स्तरीय जांच की मांग की है,

## प्रेमी ने की हत्या, 13 दिन बाद खेत में मिला था कंकाल

**मुलताई/जागरण ।**



थाना क्षेत्र में मासोद चौकी के ग्राम वलनी में बीते 30 जनवरी को मिले एक युवती के कंकाल मामले में पुलिस ने 24 घंटे के भीतर हत्या का खुलासा करआरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। हत्या प्रेम प्रसंग और युवती द्वारा विवाह के लिए दबाव बनाए जाने के चलते किए जाने की बात आरोपी ने कबूल की है। पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र जैन ने बताया बीते 30 जनवरी को सुबह ग्राम वलनी में एक खेत में 4-5 दिन पुराना कंकाल पड़ा मिला था, जिसे कुत्ते नौच रहे थे। सूचना के आधार पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। स्थानीय ग्रामीणों से गुमशुदगी के मामले में पुछताछ की तो पता चला कि पूजा धुर्वे निवासी वलनी गुमशुदा है,कंकाल मिलने की सूचना पर पूजा के मां सुनती और पिता मौके पर पहुंचे, मृतिका की मां सुनती बाई ने मृतिका की शिनाख्त अपनी बेटी पूजा धुर्वे पिता मंसू धुर्वे 23 साल निवासी वलनी के रूप में की।इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला गौतम, एसडीओपी एसके सिंह,टीआई नरेंद्र सिंह परिहार,मासोद चौकी प्रभारी आरएस राजपूत एफएसएल टीम एवं पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे एवं जांच की।जांच के दौरान सामने आया कि मृतिका पूजा का संपर्क गांव के ही युवक प्रमोद पिता धनराज उईके 26 साल के साथ था। युवती प्रमोद के साथ थ्रेशर पर काम करने जाती थी। इस दौरान दोनों के बीच प्रेम हो गया। युवती, युवक के ऊपर शादी करने का दबाव बना रही थी इसी से परेशान होकर प्रेमी युवक प्रमोद ने युवती को फ़ोन करके मिलने बुलाया और पूजा की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के उद्देश्य से शव को गांव के पास एक खेत गड्ढा खोदकर गाड़ दिया था।शव को कुत्तो द्वारा नोंचने एवं गड्ढे से कंकाल बाहर निकलने से पता चला।सायबर सेल कॉल डिटेल के आधार पर पुलिस ने आरोपी प्रमोद पिता धनराज उईके (26) निवासी वलनी को ग्राम कुप्पा के पास घेराबंदी कर पकड़ा। जब आरोपी से पुलिस ने पुछताछ की तो उसने युवती की हत्या करने की बात कबूल की। पुलिस ने हत्या के आरोपी प्रमोद को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया।

# कांग्रेस समाज से लगातार झूठ बोल रही है: खंडेलवाल




**बैतूल जागरण।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार आजीविका मिशन ग्रामीण अधिनियम 2025 के तहत जिला भाजपा कार्यालय विजय भवन में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने कहा कि मनरेगा मे हुए संशोधन को लेकर कांग्रेस समाज में झूठ परोस रही है। राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम नरेगा का नाम पहले कांग्रेस ने बदलकर मनरेगा किया था। महात्मा गांधी के विचारो का कभी कांग्रेस ने सम्मान नही किया महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के संकल्प को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में साकार होते देखा जा रहा है। कांग्रेस के दौर में विदेशी वस्तुए लेकर चलने वाले सम्मान पाते थे। आज खादी और स्वदेशी को सम्मान मिला है। जो गांधी जी के विचार वीबीजी राम जी विकसित भारत के लिए विकसित गांव की बात करता है। गांव की जरूरत के हिसाब से पंचायत अपने कामों का निर्णय लेगी। श्री खंडेलवाल ने कहा कि वीबीजी राम जी में बेरोजगारी भत्ता तो है ही वहीं भुगतान रूकने पर ब्याज भी सरकार चुकाएगी। लोगो को कृषि के कार्यो के लिए भी श्रम सहजता से उपलब्ध होगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए केन्द्रीय राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने कहा कि बीस साल पहले नरेगा की कमियों को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने दूर कर विकसित भारत के लिए वीबीजी राम जी लाया हैं जो आज की जरूरत के हिसाब से है। पहले राज्यो की भागीदारी कम होने से कांग्रेस के सत्ताधीश सिर्फ बंदरबाट में खुश थें ऐसे में वे भ्रम फैलाने का काम कर रहे है। हमें वीबीजी राम जी पर अच्छा अध्ययन करके उनके झूठ का जवाब देना है। इस वैचारिक युद्व में सत्य की ही विजय होनी है। वीबीजी राम जी अधिनियम रोजगार पैदा करने वाला और मजबूत निर्माण के साथ साथ भ्रष्ट्राचार को मिटाने वाला साबित होगा। कार्यशाला को संबोधित करते हुए संभागीय संगठन प्रभारी एवं प्रदेशउपाध्यक्ष कांतदेव सिंह ने कहा कि विकसित भारत की कल्पना विकसित गांव से साकार होगी आज के समय में रोजगार के साथ साथ स्थाई निर्माण, जल संरक्षण, पर्यावरण संरक्षण के कार्य देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में साकार हो रहे है। वीबीजी राम जी ग्रामीण भारत को सशक्त करने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है। जहां गांव की योजना गांव मे तैयार होकर पूर्ण होगी जिसकी निगरानी हाईटैक तरिके से की जानी है। मनरेगा में मनमानी सबने देखी है। ऐसे में जब भ्रष्ट्राचार पर प्रहार हुआ है तो कांग्रेस भ्रम फैलाने का काम कर रही है। हमें चौपाल तक पहुंचकर अपने वीबीजी राम जी अभियान से मजदूर और किसान के हो रहे फायदे बताकर जनजागरण करना है। कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए स्थाई परिसंपत्तियों के निर्माण हेतू वीबीजी राम जी अभियान विकास खंड से लेकर ग्राम चौपाल तक चलेगा।

## उमरिया में पदस्थ जवान का शव मिलने पर हत्या का केस दर्ज, जांच शुरू

**मुलताई/जागरण ।**

थाना क्षेत्र के ग्राम हरदौली के पास मोक्षधाम किनारे नाले में 30 जनवरी को मिले अज्ञात व्यक्ति के शव के मामले में पुलिस ने हत्या की पुष्टि की है। जांच में मृतक की पहचान उमरिया में पदस्थ पुलिस जवान के रूप में हुई है। घटना के बाद से पुलिस विशेष जांच दल के माध्यम से मामले की गहन जांच कर रही है। पुलिस ने बताया 30 जनवरी 2026 को थाने में सूचना मिली कि ग्राम हरदौली के पास नाले में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर घटनास्थल को सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया, पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 जनवरी 2026 को थाना मुलताई को सूचना मिली कि ग्राम हरदौली के पास नाले में एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह परिहार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रथम दृष्टया मामला संदिग्ध पाए जाने पर घटनास्थल को सुरक्षित कर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया।मृतक की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ की गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। सूचना मिलने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमला जोशी एफएसएल टीम के साथ मौके पर पहुंची मौके का निरीक्षण किया। मृतक के पास पुलिस जैकेट, पैंट एवं टोपी होने से उसके पुलिस विभाग से जुड़े होने की आशंका जताई गई। इसके बाद पुलिस द्वारा मृतक के फोटो सोशल मीडिया एवं विभागीय ग्रुपों में साझा किए गए।पुलिस अधीक्षक वीरेंद्र जैन नए बताया मृतक की पहचान आरएस सरयाम, जवान, 8वीं बटालियन विशेष सशस्त्र बल, छिंदवाड़ा के रूप में हुई।

## कंबल वितरित किए

**खंडवा।** सिंधी कॉलोनी स्थित आस्था केंद्र स्वामी शांति प्रकाश आश्रम में जया एकादशी पर प्रमुख सखीसाई रमेश प्रकाश महाराज के सानिध्य में प्रेम प्रकाशी जनों को नगर निगम महापौर अमृता अमर यादव की मौजूदगी में कम्बल वितरण किये गये। यह जानकारी देते हुए आश्रम प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इन दिनों संपूर्ण भारत शीत लहर की आगोश में डूबा हुआ है और इसी के मददे नजर आरती, अरदास एवं पल्लव पश्चात भव्य रूप से सखी साई रमेश प्रकाश महाराज व्दारा नगर की प्रथम नागरिक महापौर अमृता अमर यादव की उपस्थिति में अनेक श्रद्धालुओं को कंबलों का वितरण किया गया। इस मौके पर सखी साई द्वारा कारगिल से प्राप्त कैप एवं शाल श्रीफल भेंट कर महापौर का स्वागत पश्चात अनेक श्रद्धालुओं को कंबलों का वितरण किया गया। वही उपस्थितों पर संत्सग प्रवचनों के माध्यम से अमृतवाणी वर्षा करते हुए कहा कि माघ शुक्ल एकादशी, जिसे जया एकादशी कहा जाता है, भगवान विष्णु को समर्पित है। इस दिन व्रत, पूजा और दान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस दिन किया गया दान शत्रुओं पर विजय, सुख-समृद्धि, पापों से मुक्ति और मोक्ष प्रदान करता है, और यह अन्य समय की तुलना में तीन गुना फलदायी होता है।इस दिन हमें अन्न, पीली वस्तुएं, घी, तिल, कंबल और गर्म कपड़े दान करना चाहिए। इस अवसर पर किशोर पिंजानी, नारायण चावला, मनीष पिंजानी, किशन चंद कोटवानी,निर्मल मंगवानी,रवि पिंजानी, कमलेश हिरानी, सुनील गोस्वामी, अमीत जैसवानी, भगत महेश उदासी, माता बहनों आदि सहित बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## रोजगार मेला 5 फरवरी को

**खण्डवा।** रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन शासकीय आई.टी.आई खण्डवा में आगामी 5 फरवरी गुरुवार को प्रात: 11 से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस रोजगार मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों के द्वारा तकनीकी एव गैर तकनीकी क्षेत्र में लगभग 200 बेरोजगार युवक युवतियों की निजी क्षेत्र में भर्ती की जावेगी। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलौटे ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों की शैक्षणिक योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12वीं, आईटीआई,डिप्लोमा, स्नातक या स्नातकोत्तर है, और आयु सीमा 18 वर्ष से 35 वर्ष के बीच है, उनमें से चयनित युवाओं को 8 हजार रूपए से 25 हजार रुपये सम्बंधित कम्पनी द्वारा मानदेय दिया जावेगा। जिला रोजगार अधिकारी श्री सिलौटे ने बताया कि चयनित अभ्यर्थियों को अन्य सुविधाएं कम्पनियों के नियमानुसार रहेगी। इच्छुक आवेदक अपने समस्त मूल दस्तावेज की फोटोकॉपी, पासपोर्ट साइज के 4 फोटो, आधार कार्ड, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड के साथ उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठा सकते हैं।

# प्रभारी ने संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया

**जागरण,खण्डवा।** प्रदेश के पर्यटन, संस्कृति धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग के मंत्री एवं खंडवा जिले के प्रभारी मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने शनिवार को सर्किट हाउस परिसर में संपूर्णता अभियान 2.0 का शुभारंभ किया।

उल्लेखनीय है कि नीति आयोग भारत सरकार नई दिल्ली के निर्देशानुसार 28 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक आकांक्षी जिलों एवं आकांक्षी विकासखंडों में सम्पूर्णता अभियान 2.0 आयोजित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य देश के सभी आकांक्षी जिलों में 5,और आकांक्षी विकासखंडों में 6 मुख्य प्रदर्शन संकेतकों के मामले में सैचुरेशन की स्थिति प्राप्त करने के लिए निरंतर प्रयास करना है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नागार्जुन गौड़ा ने बताया कि 3 महीने के इस अभियान के तहत आकांक्षी जिला खंडवा और ब्लॉक छैगाँवमाखन मे महत्वपूर्ण प्रदर्शन संकेतकों को पूर्ण रूप से संतृप्त किया जाएगा।



'संपूर्णता अभियान 2.0' के तहत सभी आकांक्षी विकासखंडों मे आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत नियमित रूप से पूरक पोषण लेने वाले 6 वर्ष तक के बच्चों के पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस अभियान के तहत छेगांवमाखन विकासखंड के आंगनबाड़ी केंद्रों में पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। इस अभियान के तहत बालिकाओं के लिए स्कूल में शौचालय तथा पशुओं के टीकाकरण पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल,विधायक मांधाता नारायण पटेल,पंधाना विधायक छाया मोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी सुदेश वानखेडे, कलेक्टर ऋषव गुप्ता एवं पुलिस उप महानिरीक्षक मनोज कुमार राय एवं जिला भाजपा अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद थे।

## सद्भावना मंच ने दी श्रद्धांजलि



**जागरण,खंडवा।** माली कुआं स्थित सद्भावना मंच कार्यालय पर महात्मा गाँधी को पुण्यतिथि पर मंच संस्थापक प्रमोद जैन की अध्यक्षता में मंच सदस्यों व्दारा महात्मा गाँधी जी के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर दो मिनट का मौन रख कर श्रद्धांजलि दी गयी।

यह जानकारी देते हुए मंच प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि इस मौके पर संस्थापक प्रमोद जैन ने 'हे राम' के साथ महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर राष्ट्रपिता को नमन कर श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि आज भी उनके सत्य, अहिंसा और सादगी के आदर्शों को याद किया जाता है।

इस बीच मंच कार्यालय 'गांधी जी अमर रहें' जैसे नारों से गूंजायमान हुआ। आयोजन के दौरान मंच संस्थापक प्रमोद जैन, डॉ जगदीशचंद्र चौरे, पूर्व डीएसपी आनंद पाल तोमर, देवेंद्र जैन, सुरेन्द्र गीते, गणेश भावसार, राधेश्याम शाक्य, ललित चौरे, मुरली कोडवानी, निर्मल मंगवानी, एनके दवे, तिलोक चौधरी, अनूप शर्मा, कैलाश पटेल, सुभाष मीणा आदि सहित बड़ी संख्या में मंच सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने विचार व्यक्त कर पुष्पांजलि के द्वारा गांधीजी के प्रति अपनी कृतज्ञता ज्ञापित की।

## मोटर साइकिल रैली को कलेक्टर गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी

**जागरण,खण्डवा।** प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' के रूप में मनाया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को किसानो के बीच कृषि विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए जिला स्तर पर किसानो की मोटर साइकिल रैली आयोजित की गई । रैली को कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर के. आर. बडोले एवं उप संचालक कृषि नितेश कुमार यादव सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। यह रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू होकर इंदिरा चौक, बस स्टेंड, बॉम्बे बाजार, एवं नगर निगम से वापस बस स्टेंड, माता चौक होते हुए जसवाडी रोड स्थित उप संचालक कृषि कार्यालय में संपन्न हुई। रैली में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।




## पूर्व कृषि मंत्री ने किसानों की समस्याएं मौके पर सुनीं

**जागरण,खरगोन।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष, पूर्व कृषि मंत्री एवं कसरावद विधायक सचिन यादव ने शुक्रवार को कसरावद विधानसभा क्षेत्र में बलकवाड़ा उद्वहन सिंचाई योजना (पीएच-1) के कमांड क्षेत्र का विस्तृत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में उपस्थित ग्रामीणजनों के साथ योजना की प्रगति, जल आपूर्ति की स्थिति और किसानों को आ रही समस्याओं की जानकारी मौके पर ली।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार श्री यादव ने प्रातः जलखा पहुंचकर निरीक्षण दौरे की शुरुआत की। इसके पश्चात उन्होंने योजना के अंतर्गत आने वाले विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए पंप हाउस, नहरों एवं जल वितरण व्यवस्था का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने सिंचाई जल की उपलब्धता, समयबद्ध आपूर्ति तथा रखरखाव से जुड़ी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।

निरीक्षण में बड़िया, बलकवाड़ा, बारदेवला, बैंगदा, बैंगदी, बैसरकुंड, भैसावद, भोपालपुरा, बिलवा, डाबरी, दगड़खेड़ी , दखनीपुरा, डोलानी, फाजिलपुरा, हतोला, हिरापुर, जहागीपुरा, जलखा, जोतपुरा, कातरिया, कुण्डिया, महेतपुरा, मलतार, मिर्जापुर, नारायणपुरा, नायदड़, पाटियापुरा, रामपुरा, रसवा, साईखेड़ा, सिंनगुन, सुर्वा, तितरान्या एवं मुख्तियारपुर सहित कई गांवों के ग्रामीण शामिल रहे।



इस अवसर पर सचिन यादव ने नर्मदा घाटी विकास विभाग के कार्यपालन यंत्री कार्यपालन यंत्री एस.एस. अलावा, सहायक यंत्री एस.आर. डावर, अतुल तायड़े, कार्य एजेन्सी के प्रबंधक संदीप यादव एवं सुपरवाईजर लालजी भारद्वाज को निर्देशित किया कि पेटियों में शीघ्र कनेक्शन करें व टूटी पाईपलाईनों तत्काल दुरूस्त किया जाए । साथ ही लंबित कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण किया जाए तथा किसानों को नियमित और पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों की कृषि उन्नति के लिए सिंचाई परियोजनाओं का सुचारु संचालन अत्यंत आवश्यक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

श्री यादव ने कमाण्ड क्षेत्र के कृषकों से आगृह भी किया कि परियोजना के पाईप लाईनों और वाल्वों की तोड़ फोड़ व नुकसान नही करें । यह योजना आपकी अपनी है इसका उपयोग हम सब किसान भाईयों को ही लेना है । इसलिए आपसे आगृह है कि योजना में लगे उपकरणों को किसी भी प्रकार की क्षति न पहुँचायें । साथ ही अधिकारियों और कार्य एजेन्सी के लोगों को निर्देशित किया कि दिन में 12 घण्टे योजना के माध्यम से पेटियों में पानी उपलब्ध करायें वहीं रात्रि के समय में नदी नालों और ताल तलैया को फीड करें ताकि किसानों को सिंचाई का पानी मिल सके । ग्रामीणों ने क्षेत्र में सिंचाई सुविधा को लेकर किए जा रहे प्रयासों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि इस निरीक्षण से उनकी समस्याओं को सीधे जनप्रतिनिधि तक पहुंचाने का अवसर मिला।

### बेमौसम बारिश व ओलावृष्टि से प्रभावित फसलों का किया निरीक्षण

विधायक सचिन यादव ने गुरूवार एवं शुक्रवार को सिंचाई परियोजनाओं के निरीक्षण के दौरान कसरावद विधानसभा क्षेत्र में विगत दिनों हुई बेमौसम बारिश , आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों के खेतों में पहुँचकर नुकसानी का जायजा लिया । श्री यादव ने तत्काल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसरावद से दूरभाष पर चर्चा कर किसानों की फसलों का सर्वे कराकर फसल नुकसानी का मुआवजा प्रदान करने के निर्देश दिए ।

# बजट 2026 : उम्मीदों का पिटारा या आंकड़ों का मायाजाल?
# आज तय होगा आपकी रसोई और सपनों का भविष्य

**जागरण, इटारसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को देश का आम बजट पेश करेंगी। साल 2026 का यह बजट केवल सरकारी बैलेंस शीट नहीं, बल्कि मध्यम वर्ग की रसोई, युवाओं की डिग्री और किसानों की मेहनत का 'भविष्यफल' साबित होने वाला है। एक तरफ जहां टैक्स स्लैब में बदलाव की सुगबुगाहट है, वहीं दूसरी तरफ महंगाई की मार झेल रही जनता 'किफायती जीवन' की आस लगाए बैठी है।

### मध्यम वर्ग की 'मुराद' : टैक्स में छूट और बचत को बूस्टर

मध्यम वर्ग के लिए सबसे बड़ी चिंता हाथ में बचने वाला पैसा है। चर्चा है कि स्टैंडर्ड डिडक्शन को 75 हजार से बढ़ाकर 1 लाख किया जा सकता है। अधिवक्ता आरके बंग का कहना है कि बढ़ती कीमतों को देखते हुए होम लोन के ब्याज पर मिलने वाली 2 लाख की छूट को अब बढ़ाने का समय आ गया है। वहीं नई टैक्स व्यवस्था में एलआईसी और पीपीएफ जैसे निवेशों पर छूट न मिलने से भविष्य की बचत प्रभावित हो रही है।

### बाजार की सुस्ती और व्यापारियों की मांग

वैवाहिक सीजन होने के बावजूद बाजारों में वह रौनक नहीं है, जिसकी उम्मीद की गई थी।

>> **इलेक्ट्रॉनिक व्यापार :** व्यापारी हरीश अग्रवाल के अनुसार, जीएसटी में राहत मिले तो ग्राहक बाजार लौटेंगे।

>> **सराफा बाजार :** सोना-चांदी की आसमान छूती कीमतों पर सराफा व्यापारी यज्ञदत्त गौर कहते हैं, इम्पोर्ट ड्यूटी कम होनी चाहिए ताकि आम आदमी की पहुंच में गहने हों। फिलहाल तेजी ने मध्यम वर्ग की हिम्मत तोड़ दी है।

>> **अनाज मंडी :** दीपांशु अग्रवाल का मानना है कि मेडिकल और एजुकेशन के खर्चों ने लोगों की कमर तोड़ दी है, बजट को इन बुनियादी जरूरतों पर फोकस करना चाहिए।




### बजट 2026 : जनता के 5 बड़े सवाल

>> **टैक्स :** क्या कर-मुक्त सीमा में और बढ़ोतरी कर जनता को राहत दी जाएगी?

>> **महंगाई :** रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल की कीमतें घटाने के लिए क्या कोई ठोस नीति आएगी?

>> **रोजगार :** निजी क्षेत्र में नौकरियां पैदा करने के लिए सरकार क्या कदम उठाएगी?

>> **आवास :** क्या शहर में घर खरीदना अब भी सपना बना रहेगा या होम लोन पर अतिरिक्त छूट मिलेगी?

>> **स्वास्थ्य :** क्या आयुष्मान भारत का दायरा बढ़ेगा ताकि मध्यम वर्ग भी सुरक्षित महसूस करे?

**निष्कर्ष :** इस बार जनता लोकलुभावन घोषणाओं के बजाय ऐसी नीतियों की तलाश में है जो उनकी जेब पर बोझ कम करें और किफायती जीवन सुनिश्चित करें।

### अन्नदाता और युवा : पराली से कमाई और स्किल को पढ़ाई

उन्नत किसान हेमंत दुबे ने एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया है। उनका कहना है कि कृषि प्रधान जिलों में एग्री-वेस्ट अर्थात पराली, मक्का वेस्ट पर आधारित इंडस्ट्री लगनी चाहिए। इससे कचरे से कमाई होगी और जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा। दूसरी ओर, छात्र विवेक जैन का कहना है कि ग्रोथ के लिए एजुकेशन बजट बढ़ाना अनिवार्य है। आईआईटी जैसे संस्थानों में सीटें बढ़ें और हाई प्रोफेशनल कोर्सेज के लिए स्कॉलरशिप का दायरा बढ़ाया जाए।

### पक्ष-विपक्ष : दावों और अपेक्षाओं की जंग

विपक्ष और जनता को उम्मीद है कि यह बजट केवल वादों का पुलिंदा न हो। आर्थिक असमानता बढ़ रही है और प्राइवेट सेक्टर में निवेश घट रहा है, सरकार को धरातल पर काम करना होगा।
**गुफरानी अंसारी,** राष्ट्रीय प्रवक्ता, युवक कांग्रेस

हमें पूरा भरोसा है कि बजट सर्वस्पर्शी होगा। हर वर्ग, विशेषकर गरीब और मध्यम वर्ग के हितों का इसमें पूरा ध्यान रखा जाएगा।
**राहुल चौरे,** नगर मंडल अध्यक्ष, भाजपा

## न्यूज कार्नर

### घर की मगरी से पकड़ा कोबरा सांप

**जागरण, इटारसी।** शनिवार को ग्राम छीरपानी में घर की मगरी पर हरीश मालवीय को कुछ दिनों से सांप दिखाई दे रहा था, जिसकी सूचना मालवीय द्वारा शनिवार को सर्प मित्र को दी गई, जिसके बाद वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा के निर्देशन में सर्पमित्र अभिजीत यादव और उनके साथियों के द्वारा मौके पर पहुंच कर कोबरा प्रजाति के 3 फीट लंबाई वाले सांप को सुरक्षित रूप से पकड़ लिया गया, जिसके बाद उसे वन परिक्षेत्र में सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया।

### अंसारी बने युकां के राष्ट्रीय प्रवक्ता

**जागरण, इटारसी।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के फ्रंटल ऑर्गेनाइजेशन इंडियन यूथ कांग्रेस ने 28 जनवरी की देर रात्रि भारतीय युवा कांग्रेस के प्रवक्ताओं की सूची जारी की। केंद्रीय नेतृत्व की सूची में मध्य प्रदेश से युवा कांग्रेस के नेता गुफरान अंसारी को लगातार दूसरी बार संगठन के प्रति उनके समर्पण 400 से ज्यादा टीवी डिबेट्स में भागीदारी सोशल मीडिया एवं पार्टी कार्यक्रमों में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाकर हर फोरम पर मजबूती से पार्टी का पक्ष रखने में सक्षम उनकी योग्यता को भारतीय युवा कांग्रेस ने अपने नेता राहुल गांधी की मंशा के अनुरूप, भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी मनीष शर्मा, युवक कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब एवं युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव निगम भंडारी ने भारतीय युवा कांग्रेस का राष्ट्रीय प्रवक्ता बनाया है। उनकी नियुक्ति पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं मित्रों ने बधाई दी है।

### एपीके फाइल खाली कर सकती बैंक खाता

**जागरण, इटारसी।** डिजिटल युग में साइबर अपराधी ठगी के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। हाल ही में सामने आए एपीके फाइल फ्रॉड को लेकर नर्मदापुरम पुलिस ने आम नागरिकों के लिए एक विस्तृत एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने चेतावनी दी है कि अज्ञात नंबरों से आने वाली फाइलों को डाउनलोड करना आपके मोबाइल का पूरा नियंत्रण अपराधियों के हाथ में सौंप सकता है। साइबर अपराधी विश्वास जीतने के लिए आरटीओ चालान, वाहन चालान, शादी का निमंत्रण पत्र, एसबीआई योनो अपडेट या सरकारी योजनाओं के नाम से व्हाट्सएप पर फाइलें भेज रहे हैं। ये फाइलें देखने में सामान्य लगती हैं, लेकिन असल में ये एंड्रॉइड पैकेज किट होती हैं जो मोबाइल में मैलवेयर (वायरस) इंस्टॉल कर देती हैं।

### केसला में कैरियर मेले का समापन

**जागरण, इटारसी।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय केसला में आयोजित पांच दिवसीय करियर मेले का शनिवार को समापन हुआ। मेले के अंतिम दिन विद्यार्थियों को भविष्य की मांग और आधुनिक समय के नए करियर विकल्पों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस पांच दिवसीय आयोजन के दौरान विशेषज्ञों ने छात्रों को पारंपरिक कोर्सेज के साथ-साथ डिजिटल और व्यावसायिक क्षेत्रों में उभरते अवसरों के बारे में जागरूक किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विद्यालय की सुनीता दुबे, सरिता श्रीवास्तव और चंद्रशेखर नागर उपस्थित रहे, जिन्होंने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उन्हें लक्ष्य निर्धारण के लिए प्रेरित किया। मेले में विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी भविष्य की योजनाओं पर मार्गदर्शन प्राप्त किया।

## नया आयकर अधिनियम 2025 करदाताओं के लिए सरल और हितैषी : अपर आयुक्त




**जागरण, इटारसी।** आयकर विभाग द्वारा इटारसी के प्लैटिनम रिसोर्ट में नए आयकर अधिनियम 2025 पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम (आउटरीच प्रोग्राम) आयोजित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भोपाल परिक्षेत्र-1 के अपर आयकर आयुक्त शशिकांत कुशवाह ने की।

### कार्यक्रम का उद्देश्य

कार्यक्रम का मुख्य लक्ष्य व्यापारियों और करदाताओं को नए कर कानूनों की बारीकियों और सरल अनुपालन प्रक्रियाओं से अवगत कराना था।

### विशेषज्ञों की राय

मुख्य वक्ता देवेन्द्र गर्ग (आयकर अधिकारी, बैतूल) ने बताया कि 2025 का नया अधिनियम डिजिटल पारदर्शिता और करदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

### सलाहकारों ने रखी अपनी शंकाएं

कार्यक्रम में उपस्थित व्यापारियों, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और कर सलाहकारों ने अपनी शंकाएं रखीं, जिनका अधिकारियों ने मौके पर ही समाधान किया। इस अवसर पर इटारसी, हरदा और बैतूल के आयकर अधिकारी, चैंबर ऑफ कॉमर्स के सदस्य और लगभग 50 से अधिक प्रतिभागी मौजूद रहे।

## धर्म की आड़ में पीएम आवास की राशि का खेल सड़क और सांसद निधि के ट्यूबवेल पर भी कब्जा

**जागरण, इटारसी।** शहर के मालवीयगंज क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के दुरुपयोग और खुलेआम अतिक्रमण का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां स्वप्नेश्वर हनुमान धाम मंदिर के पीछे एक व्यक्ति ने सरकारी राशि का इस्तेमाल मकान बनाने के बजाय मंदिर बनाने में कर डाला। तानाशाही यहीं नहीं रुकी, निर्माणकर्ता ने आस्था की आड़ में सार्वजनिक और निजी संपत्ति को भी नहीं बख्शा।

### अतिक्रमण की हदें पार

**सड़क पर कब्जा :** निर्माणकर्ता ने 10 फीट की सरकारी सड़क पर कॉलम खड़े कर उसे आधा बंद कर दिया है।

**सांसद निधि पर डाका :** सांसद निधि से जनहित के लिए खनन कराए गए ट्यूबवेल को भी निर्माण के अंदर लेकर उस पर अवैध कब्जा जमा लिया है।



**निजी जमीन पर कब्जा :** पड़ोसी के निजी प्लॉट पर भी जबरन निर्माण कर उसे हड़पने की कोशिश की जा रही है।

**मांग :** क्षेत्रवासियों ने मांग की है कि इस अवैध अतिक्रमण को तत्काल ध्वस्त किया जाए, पीएम आवास की राशि की वसूली हो और जालसाजी करने वाले व्यक्ति पर कड़ी धाराओं में आपराधिक प्रकरण दर्ज किया जाए।

### प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

हैरानी की बात यह है कि नगर पालिका के जनप्रतिनिधि, मुख्य नगर पालिका अधिकारी और एसडीएम इटारसी को पूरी जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। आखिर प्रशासन की ऐसी क्या लाचारी है कि धर्म के नाम पर हो रही इस अवैध वसूली और कब्जे पर आंखें मूंद ली गई हैं?

## आगजनी में 75 प्रतिशत झुलसा युवक, हालत गंभीर

**जागरण, इटारसी।** एलकेजी कॉलोनी में शनिवार की शाम लगभग 18 वर्षीय एक युवक आगजनी का शिकार हो गया। घटना में युवक बुरी तरह झुलस गया है, जिसे उपचार के लिए तत्काल डायल मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार, युवक करीब 75 प्रतिशत तक जल चुका है। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए अस्पताल के आईसीयू में भर्ती किया है, जहां डॉक्टरों की टीम उसका उपचार कर रही है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चला है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए बारीकी से जांच कर रही है कि यह हादसा था या कुछ और। मामले में परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है।

## नर्मदापुरम गोल्ड कपः रायसेन और बालाघाट की टीमें फाइनल में, पेनल्टी शूटआउट में हुआ फैसला

**जागरण, इटारसी।** पंकज गोयल की स्मृति में फाइटर फुटबॉल क्लब एवं जिला फुटबॉल संघ द्वारा आयोजित ऑल इंडिया फुटबॉल नर्मदापुरम गोल्ड कप अपने रोमांचक पड़ाव पर पहुंच गया है। श्रीमंत राजमाता विजयाराजे सिंधिया खेल प्रशाल मैदान पर खेले गए दोनों सेमीफाइनल मुकाबलों का फैसला पेनल्टी शूटआउट के जरिए हुआ।

### अतिथियों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, विष्णु शंकर पाण्डेय, प्रसन्ना हर्णे, निपुण गोठी सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। फाइटर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल और कोच भागवत सिंह राजपूत ने बताया कि टूर्नामेंट में अनुशासन और खेल भावना का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। मैच में रेफरी की भूमिका तोसीब खान, आर्यन सिसोदिया और अनजल सिंह ठाकुर ने निभाई।

### रोमांचक रहे मुकाबले

**पहला सेमीफाइनल :** मेजबान फाइटर फुटबॉल क्लब इटारसी और बिल्डअप रायसेन के बीच खेला गया। निर्धारित समय तक दोनों टीमें 1-1 की बराबरी पर रहीं। अंततः पेनल्टी शूटआउट में बिल्डअप रायसेन ने 5-4 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई।

**दूसरा सेमीफाइनल :** पुलिस बॉयज बालाघाट बनाम डायमंड रॉक बालाघाट के बीच हुआ। इस संघर्षपूर्ण मैच में भी स्कोर 1-1 की बराबरी पर रहा। पेनल्टी शूटआउट में पुलिस बॉयज बालाघाट ने 5-4 से बाजी मारकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

## नपा का बड़ा फैसला अग्रवाल भवन के पास से हटेगा अवैध कब्जा

**जागरण, इटारसी।** शहर के अग्रवाल भवन के पास नगर पालिका परिषद की बेशकीमती भूमि पर किए गए अवैध अतिक्रमण को हटाने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी द्वारा राजस्व निरीक्षकों और संबंधित टीम को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

**अवैध निर्माणः** सरकारी रिकॉर्ड के अनुसार, नजूल शीट नंबर 09 के प्लॉट 10/3 और 10/4 की भूमि पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा लगभग 800 वर्ग फुट क्षेत्र में टीन शेड डालकर अवैध निर्माण कर लिया गया था।

**प्रशासनिक आदेशः** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की जांच रिपोर्ट के बाद, नगर पालिका ने इस अतिक्रमण को हटाने के लिए अतिक्रमण दस्ता, जेसीबी मशीनरी और पुलिस बल की तैनाती के निर्देश दिए हैं।

**सख्त निर्देशः** कार्रवाई के दौरान मौके का पंचनामा तैयार करने और फोटो-वीडियो ग्राफी करने को कहा गया है ताकि इसकी रिपोर्ट वरिष्ठ अधिकारियों को सौंपी जा सके।

इस कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस थाना और जिला प्रशासन को भी सूचित कर दिया गया है ताकि मौके पर शांति व्यवस्था बनी रहे।

## स्कूल से बच्चों को लेकर लौट रही महिला को ट्रक ने मारी टक्कर

**जागरण, इटारसी।** शहर के पुरानी इटारसी क्षेत्र में आज एक भीषण सड़क हादसा होते-होते बचा। एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार महिला को जोरदार टक्कर मार दी। गनीमत रही कि हादसे के वक्त महिला के साथ मौजूद बच्चे सुरक्षित हैं, हालांकि महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना पुरानी इटारसी क्षेत्र की है। घायल महिला सपना नागवंशी, निवासी कैलाश नगर कॉलोनी अपने बच्चों यशिका और विवान को केंद्रीय विद्यालय से लेकर स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रही थी। इसी दौरान एक अनियंत्रित और तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला सड़क पर गिर गई और घायल हो गई। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। भीड़ द्वारा पकड़े गए ट्रक चालक को पुलिस के सुपुर्द किया गया। घायल महिला की स्थिति को देखते हुए डायल 112 एफआरवी के पायलट शेख अलीम ने तत्परता दिखाते हुए घायल महिला को तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने साहस दिखाते हुए भागने की कोशिश कर रहे ट्रक चालक को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पुरानी इटारसी पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर चालक पर मामला दर्ज किया।

## कबड्डी का महाकुंभ कल से, भिड़ेंगी 32 टीमें



**जागरण, इटारसी।** राजपूत समाज इटारसी 2 एवं 3 फरवरी को एक भव्य राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। आज यहां पत्रकार भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि इस दो दिवसीय स्पर्धा में प्रदेश भर की 32 नामी टीमें (16 पुरुष एवं 16 महिला वर्ग) अपना दमखम दिखाएंगी। प्रतियोगिता में इंदौर, भोपाल, जबलपुर और ग्वालियर जैसे बड़े शहरों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे।

प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में विजेता को 31 हजार रुपए, द्वितीय पुरुस्कार 21 हजार एवं तृतीय पुरुस्कार 15 हजार रुपए, महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 15हजार, द्वितीय पुरस्कार 7 हजार एवं तृतीय पुरस्कार 5 हजार रुपए रखा है। सभी विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए राज्यसभा सांसद श्रीमती माया नारोलिया के सहयोग से फुल ग्राउंड मैट उपलब्ध कराई गई है, जबकि नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने लाइट एवं अन्य व्यवस्थाओं में सहयोग दिया है। पत्रकार वार्ता के दौरान राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया और नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे, राहुल चौरे व अन्य अतिथियों ने विजेता ट्रॉफियों का अनावरण किया। संचालन मनीष ठाकुर ने किया और पुरस्कारों की विस्तृत जानकारी मोती सिंह राजपूत ने दी। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजन और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ 2 फरवरी को विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा करेंगे।

## महिला मंडल ने मनाया हल्दी-कुमकुम उत्सव

**जागरण, इटारसी।** सर्व ब्राह्मण महिला मंडल संगठन ने ईश्वर रेस्टोरेंट में हर्षोल्लास के साथ हल्दी-कुमकुम एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मंडल की महिलाओं और बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। शीतल दुबे, चांदनी शुक्ला, पूनम शर्मा, रुचि शर्मा, पूजा पांडे, लीना शर्मा, रुचि पांडे, रत्ना पांडे, कंचन दुबे, निधि तिवारी और राधा शर्मा द्वारा दी गई नृत्य प्रस्तुतियों ने समां बांध दिया। वहीं पूजा तिवारी, गौरी शर्मा, निधि शर्मा और नन्ही समृद्धि दुबे व अश्ररा शुक्ला के नृत्य की विशेष सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक मंडल की श्रीमती कल्पना शर्मा, इंदिरा तिवारी, माधवी मिश्रा, वंदना ओझा, कुसुम तिवारी और नीलू मिश्रा ने संगठन के प्रयासों की सराहना की।

**रोमांच** | प्रकृति पथ पर रोमांचक सफर में 122 नन्हे दूतों ने सीखी कुदरत की भाषा

## तिलक सिंदूर के जंगलों में लगी 'अनुभूति' की पाठशाला

**जागरण, इटारसी।** पेड़-पौधों की सरसराहट, मिट्टी की सोंधी खुशबू और परिंदों की चहचहाहट के बीच स्कूली बच्चों के लिए एक यादगार दिन रहा। मप्र इको पर्यटन विकास बोर्ड द्वारा प्रायोजित अनुभूति कार्यक्रम के तहत तिलक सिंदूर के घने जंगलों में जमानी स्कूल के बच्चों ने प्रकृति को करीब से जाना और समझा।

वनमण्डल नर्मदापुरम के इटारसी परिक्षेत्र में आयोजित इस शिविर में पीएमश्री शासकीय एकीकृत विद्यालय और शासकीय बालक माध्यमिक विद्यालय जमानी के 122 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। मास्टर ट्रेनर और सेवानिवृत्त अपर वन मंडल अधिकारी रामकिशोर चौरे एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी अभिषेक शर्मा ने बच्चों को जंगल की गहराइयों में ले जाकर पौधों, औषधियों और घास की पहचान कराई।



बच्चों ने सीखा कि कैसे एक छोटा सा पौधा भविष्य के पर्यावरण और खाद्य श्रृंखला की नींव होता है।

### हम हैं बदलाव, हम हैं धरती के दूत

दोपहर के भोजन के बाद बच्चों के बीच विभिन्न प्रतियोगिताएं और खेल आयोजित किए गए। उन्हें वन विभाग की कार्यप्रणाली और भविष्य में विभाग में करियर बनाने के अवसरों (सीधी भर्ती व पदोन्नति) की जानकारी भी दी गई।

अंत में, सभी बच्चों ने धरती के दूत बनकर वनों को आग, अवैध कटाई और चराई से बचाने की शपथ ली। बच्चों को अनुभूति किट, कैप, डायरी और पेन वितरित किए। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस पूरे आयोजन में वन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष विनोद वारीबा के साथ ही समिति सदस्यों और 12 वन कर्मचारियों का विशेष सहयोग रहा।

### खेल-खेल में बना पर्यावरण रक्षक

सिर्फ किताबी ज्ञान ही नहीं, बल्कि बच्चों को व्यवहारिक सीख भी दी गई।

>> **झोला निर्माण :** प्लास्टिक के खिलाफ जंग छेड़ते हुए बच्चों को कपड़े से झोला बनाना सिखाया गया।

>> **कागज से बाघ :** रचनात्मकता दिखाते हुए बच्चों ने कागज की मदद से बाघ की आकृतियां बनाईं।

>> **वन्यप्राणी दर्शन :** बच्चों को सतपुड़ा टाइगर रिजर्व, कूनो के चीतों और बोरी अभ्यारण्य के बारहसिंघा के बारे में रोचक किस्से सुनाए गए।

## भविष्य की राह और सही कैरियर के दिए टिप्स

### 5 दिनी कैरियर काउंसलिंग एवं परामर्श मेला संपन्न

**जागरण, इटारसी।** पीएम श्री एकीकृत शासकीय उमा विद्यालय जमानी में 27 से 31 जनवरी तक कैरियर काउंसलिंग एवं परामर्श मेले का भव्य आयोजन किया गया। पांच दिवसीय कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों को भविष्य की राह दिखाने और सही करियर चयन में मदद करने के मार्गदर्शन एवं टिप्स दिए। विशेषज्ञों ने मुख्य रूप से बीएड, डीएड, नीट, भारतीय सेना, आईटीआई और औद्योगिक क्षेत्रों में रोजगार की संभावनाओं और प्रवेश प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

विद्यार्थियों का ज्ञानवर्धन करने के लिए अलग-अलग विभागों के अनुभवी पहुंचे। नर्मदापुरम कॉलेज से शहनाज मैडम और संतोष यादव ने अकादमिक विकल्पों पर प्रकाश डाला। वन विभाग से डिप्टी रेंजर भगवान दास उइके ने वन सेवा और आर्मी से जुड़े करियर टिप्स दिए। अपैरल विषय पर श्रीमती मंजू मेहतो और इटारसी से आए नीरज केवट ने तकनीकी व औद्योगिक क्षेत्रों की जानकारी दी। स्वास्थ्य विभाग जमानी से डॉ. निखिल चौधरी, डॉ. नितिन कोली और लैब टेक्नीशियन संजय पांडे ने मेडिकल क्षेत्र में करियर बनाने के गुर सिखाए। विद्यार्थियों ने अलग-अलग विषय पर कैरियर बनाने संबंधी सवाल पूछकर अपनी जिज्ञासा शांत की। आज समापन विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती जॉयस सोलोमन की अध्यक्षता में हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को विशेषज्ञों द्वारा दी सलाह को जीवन में उतारने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्रीमती सोलोमन ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

